# उगली में शिक्षक दंपति की रहस्यमयी मौत, राख हुए शव

## दोनों मोबाइल जले मिले, कमरे में खून जैसे निशान, फॉरेंसिक और एफएसएल जांच पर टिकी निगाहें, डीएनए परीक्षण से होगी शवों की वैज्ञानिक पहचान

**उगली नवभारत। सिवनी जिले के थाना उगली क्षेत्र में शिक्षक दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। थाना उगली से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बिजली कार्यालय और डबल लाक के आगे जग्गूटोला मार्ग पर स्थित एक मकान में शुक्रवार दोपहर दो जले हुए शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शव इस कदर जल चुके थे कि वे लगभग राख और हड्डियों में तब्दील हो गए, जिससे उनकी पहचान मौके पर करना संभव नहीं था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान शिक्षक समन सिंह धुर्वे और उनकी पत्नी शिक्षिका मालती धुर्वे के रूप में की जा रही है। समन सिंह धुर्वे दामीझोला (मोहबर्रा) स्थित विद्यालय में शिक्षक थे, जबकि मालती धुर्वे केवलारी विकासखंड के ग्राम कुम्हड़ा में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थीं।**



जानकारी के अनुसार, समन सिंह धुर्वे बुधवार तक सामान्य रूप से लोगों के संपर्क में थे और उसी रात उनकी मोहबर्रा निवासी एक परिचित से बातचीत भी हुई थी। गुरुवार को उनकी एक शासकीय बैठक निर्धारित थी, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे। सहकर्मियों ने कई बार मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है,कि गुरुवार दोपहर लगभग 12:30 बजे तक मोबाइल पर घंटी जा रही थी, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इधर, मालती धुर्वे भी विद्यालय नहीं पहुंचीं और उनका मोबाइल भी लगातार बंद मिला। इस पर परिजनों को चिंता हुई। मालती धुर्वे की बहन जब उनके घर पहुंचीं तो मुख्य गेट बंद था, लेकिन उसमें ताला नहीं लगा था। अंदर का दरवाजा भी केवल टिका हुआ था, किसी प्रकार की कुंडी नहीं लगी थी। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर का भयावह



दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में दो जले हुए शव पड़े थे। इसके बाद तत्काल उगली पुलिस को सूचना दी गई।

कुछ प्रारंभिक परिस्थितियां यह संकेत देती हैं कि घटना केवल आग लगने का मामला नहीं हो सकता, हालांकि इसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी। यदि कमरे में मिले संदिग्ध निशानों की पुष्टि होती है, तो जांच की दिशा और भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

शव पूरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।




### शवों की हालत देखकर दहल उठे लोग

शुक्रवार दोपहर लगभग 3.30 बजे सूचना मिलने के बाद उगली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मकान को सुरक्षा घेरे में लेकर आम लोगों का प्रवेश रोक दिया। घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था। दोनों शव पूरी तरह जल चुके थे। पलंग, कूलर और कमरे का अधिकांश सामान भी आग की चपेट में आ चुका था। पूरा कमरा कालिख से काला पड़ गया था। प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान मृतकों के पास ही दोनों मोबाइल फोन जली हुई अवस्था में मिले। कमरे के भीतर खून जैसे निशान भी दिखाई देने की चर्चा है। इन परिस्थितियों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस फिलहाल किसी भी संभावना पर अधिकारिक रूप से कुछ कहने से बच रही है।

जानकारी के अनुसार, दंपति के बच्चों के डीएनए नमूनों का मिलान कराया जाएगा। दंपती के दो बच्चे हैं, एक बेटा जो इंदौर में पढता है, औऱबेटी जो कान्हीवाडा नवोदय विद्यालय में पढती है,इसके बाद ही यह अंतिम रूप से पुष्टि हो सकेगा कि घटनास्थल से मिले दोनों शव उन्हीं के हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। यह हत्या है, आत्महत्या है या किसी अन्य परिस्थिति का परिणाम इन सभी सवालों के जवाब फॉरेंसिक रिपोर्ट, डीएनए परीक्षण और वैज्ञानिक साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद ही सामने आएंगे। तब तक उगली की यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा और रहस्य का विषय बनी हुई है। पुलिस के अनुसार फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### टीम ने संभाला मोर्चा

घटना की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार देर रात पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, एसडीओपी केवलारी, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। शनिवार सुबह फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने दोबारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और घटना कब, कैसे तथा किन परिस्थितियों में हुई, इसकी कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।





# बंडोल में मटमैले पेयजल से उल्टी दस्त के बढ़े मरीज

**सिवनी नवभारत।** पीने का पानी अत्यधिक दूषित मटमैला पानी मिलने के कारण ग्राम पंचायत बंडोल में कई लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ा है।

और ग्रामवासियों ने बताया कि बखारी रोड बंडोल में बनी पेयजल टंकी में अत्यधिक दूषित मटमैला पानी पिछले सोमवार से आ रहा है। पानी पीने के बाद लोगों को उल्टी-दस्त की बीमारी हो गई है। इनमें से कुछ लोगों की हालत बहुत ज्यादा खराब बताई जा रही है।

ग्रामवासियों में गोविंद बंजारा, चेतराम यादव, टी सी डेहरिया, हर्षित प्रजापति, मुकेश कुमार उइके, रुक्मिणी बाई, ओम प्रकाश ठाकुर, मानसिंह, अनिल दुबे, गोविंद बंजारा, अटल बघेल, सुनील सहित अनेक लोगों ने बताया कि पेयजल टंकी में अत्यधिक दूषित मटमैला गंदा पानी मिलने के कारण लोगों की तबीयत खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत पूर्व में शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की गई थी। इसके बाद भी इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जल संवर्धन पेयजल की पाइप लाइन से दूषित पानी टंकी में जाने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं किंतु पाइपलाइन में सुधार न होने के कारण लोग गंभीर पेट संबंधी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

### एक नजर में

#### निजी अस्पतालों के संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक संपन्न

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक दुर्घटना पीड़ितों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिले के निजी अस्पतालों के संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे ने की। बैठक में योजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए श्री संदीप सोनकेसरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना सहित पात्र दुर्घटना मामलों में पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती होने पर सात दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

# भाजपा संगठन प्रभारी का रजक निवास में स्वागत

**सिवनी नवभारत।** जिले के भाजपा संगठन प्रभारी एवं जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी का सिवनी प्रवास के दौरान आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होने के पूर्व विधायक रोहाणी नगर के बारापत्थर स्थित भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री एवं पूर्व पार्षद अलकेश रजक के निवास पर पहुंचे।



इस अवसर पर अलकेश रजक द्वारा विधायक अशोक रोहाणी का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही पूर्व पार्षद डॉ. रमेश सुलखिया एवं रांझी क्षेत्र के पार्षद दामोदर सोनी का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व नगर महामंत्री अनूप मिश्रा, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी एवं राकेश मालवीय, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज गौतम, सत्यम सूर्यवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान भाजपा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक श अशोक रोहाणी का स्वागत कर संगठनात्मक मार्गदर्शन प्राप्त किया।



### जिले की वीरांगनाओं को चित्रकूट में किया गया सम्मानित

**सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चित्रकूट की पावन धरा में संपन्न हुई द्य महासभा के संरक्षक एवं संस्थापक डॉ मानस सिंह राष्ट्रीय महामंत्री डॉ रश्मि सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वंदना सिंह के सानिध्य में आयोजित की गई बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आई हुई वीरांगनाओं द्वारा सहभागिता कर संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा सिवनी की प्रदेश महासचिव श्रीमती सविता गौतम को वीरांगना गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

# परिसीमन में शामिल कर अलग लोकसभा सीट बने सिवनी

**सिवनी नवभारत।** कतिया समाज के जिला अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला सिवनी के जिला अध्यक्ष देवी सिंह शिववेदी ने भारत सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, परिसीमन आयोग के सदस्यों, कलेक्टर सिवनी तथा शासन-प्रशासन से सिवनी जिले को परिसीमन प्रक्रिया में शामिल करते हुए अलग लोकसभा क्षेत्र बनाए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस प्रस्तावित लोकसभा सीट को अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने की अपील भी की है।

देवी सिंह शिववेदी ने जारी बयान में कहा कि उन्हें विभिन्न सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रस्तावित परिसीमन में सिवनी जिले को शामिल नहीं किया गया है। यदि यह जानकारी सही है तो यह जिले की जनता, विशेषकर अनुसूचित जाति समाज के लिए निराशाजनक होगा। उन्होंने कहा कि सिवनी जिला भौगोलिक, सामाजिक एवं जनसंख्या की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है और यहां की जनता लंबे समय से अपने क्षेत्र को बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने की अपेक्षा रखती है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिवनी जिले के आसपास अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कोई लोकसभा सीट आरक्षित नहीं है। इसके कारण अनुसूचित जाति समाज के लोगों को लोकसभा में प्रतिनिधित्व का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता। यदि सिवनी को अलग लोकसभा क्षेत्र बनाकर इसे अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया जाता है तो इससे समाज के योग्य एवं जनसेवा के प्रति समर्पित लोगों को संसद तक पहुंचने का अवसर मिलेगा तथा क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व मिलना आवश्यक है। अनुसूचित जाति समाज देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए इस वर्ग को भी उचित राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार एवं परिसीमन आयोग जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस मांग पर गंभीरता से विचार करेंगे।

# आदेश की अवहेलना पर अमीन को अंतिम नोटिस, कार्यभार नहीं लेने पर रुकेगा वेतन

**छपारा नवभारत।** जल संसाधन विभाग के अंतर्गत तिलवारा बांयी तट नहर संभाग केवलारी के कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग द्वारा अमीन उमेश कुमार शर्मा (अपर वैनगंगा बांध उपसंभाग क्रमांक-3, भीमगढ़) को शासकीय कार्यों में लापरवाही और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के अनुसार, अमीन उमेश कुमार शर्मा को प्रशासनिक दृष्टि से जल उपभोक्ता संथा बरबसपुर का कार्यभार संभालने के निर्देश बार-बार लिखित एवं मौखिक रूप से दिए गए थे, लेकिन उनके द्वारा आज तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। इस हठधर्मिता के कारण क्षेत्र में सिंचाई कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ शासकीय राजस्व वसूली को भारी नुकसान पहुंचा है। दस्तावेजों के मुताबिक, उक्त कर्मचारी पहले भी अनुशासनहीनता और कदाचरण के एक मामले में सिवनी कलेक्टर द्वारा दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने (दंडित) किए जाने की कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, बांध के डूब क्षेत्र/टीबीसी प्रभार के दौरान गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के चलते उनके खिलाफ पुलिस थाना छपारा में आईपीसी की धारा 409 (शासकीय धन का गबन/अपराधिक हनन) के तहत एफआईआर भी दर्ज है, जिसकी जांच जारी है।

### नो-वर्क-नो-पे के तहत होगी कार्रवाई

कार्यपालन यंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए अमीन को अंतिम चेतावनी दी है कि वे तत्काल जल उपभोक्ता संथा बरबसपुर का कार्यभार ग्रहण करें। यदि वे अपने मैदानी कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो नो-वर्क-नो-पे (काम नहीं तो वेतन नहीं) के सिद्धांत के आधार पर उनके वेतन आहरण पर तत्काल रोक लगा दी जाएगी तथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अवधिया समाज ने मनाया गुरुदेव का यादगार जन्मदिन

**छपारा नवभारत।** नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास स्थित सदगुरु कबीर सत्संग भवन में आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के दसवें आचार्य श्री श्री 108 गुरुदेव रामजीवन



शास्त्री का अवतरण दिवस बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि गत दिवस गुरुवार को छपारा नगर के सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति के पदाधिकारी,कबीर सैनिक संघ के सदस्य, महिला मंडल भीमगढ़ एवं छपारा नगर के अवधिया सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किया गया, इसके पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

# एसडीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लखनादौन नवभारत।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन अर्जुन सिंह ठाकुर ने आचार्य विद्यासागर गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश के रख-रखाव, स्वच्छता, चारा एवं पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करते हुए गौशाला की सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं बेहतर बनाए रखा जाए। इस अवसर पर एसडीएम श्री ठाकुर ने गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए,उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक दायित्व का महत्वपूर्ण अंग है तथा गौशाला की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।




निरीक्षण के दौरान गौशाला अध्यक्ष राहुल जैन, पारुल जैन, रितेश जैन एसडीएम स्टेनो रावत जी एचडीएफसी के श्रेयांश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक, एवं गो रक्षक उपस्थित रहे।

# भोंगाखेड़ा शासकीय स्कूल की प्रबंधन समिति का गठन

**सिवनी नवभारत।** राज्य शासन के निर्देश अनुसार शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में 11 जुलाई को शाला प्रबंधन समिति का गठन करने हेतु समस्त छात्रों के पालकों को आमंत्रित किया गया जिसमें अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को का निर्वाचन किया जाना था सर्व सहमति से अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती अभिलाषा बघेल को निर्वाचित किया गया व उपाध्यक्ष पद हेतु कैलाश डेहरिया को निर्वाचित किया गया। सभी सदस्य हेमंत बघेल( उपसरपंच), मस्तराम बरकड़े, श्रीमती उषा यादव, श्रीमती विनीता यादव, बलराम बछलिया, श्रीमती सविता बघेल, श्रीमती ममता डेहरिया, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती सीमा चौधरी, श्रीमती विनीता बघेल एवं प्राचार्य विपनेश जैन एवं शिक्षक स्टाफ वेदप्रकाश राय,श्रीमति शोभा दुबे ,श्रीमती वीणा तिवारी, मुरलीधर राहांगडाले, हेमराज शरणागत, श्रीमती पारुल दुबे, श्रीमती श्रद्धा साहू उपस्थित रहे।





## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति छपारा जिला सिवनी

Gmail-mandichhapara260@gmail.com phone no -07691290260

क्रमांक/ मंडी / तौ. कां. / 26-27/465 छपारा, दिनांक :- 10/07/2026

**निविदा आंमत्रण सूचना (द्वितीय)**

कृषि उपज मंडी समिति छपारा "घ" श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेंण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रॉसफर (BOT) के तहत (इलैक्ट्रॉनिक तौलकांटा ) संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_520558_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 22/07/2026 को दोपहर 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति छपारा जिला-सिवनी**


### आयोजन

**जनशिक्षा केंद्र चमारी में गरिमामय समारोह, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को किया गया सम्मानित**

# शिक्षा सेवा को समर्पित चार शिक्षकों को दी गई विदाई

**छपारा नवभारत।** विकासखंड अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र चमारी में विगत शनिवार, 4 जुलाई को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया जो सभी के लिए अविस्मरणीय स्मृति में सहेजा गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग में दीर्घकाल तक उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले रामकुमार पुरोहित, मनसाराम परवारी, बलवंत ठाकुर एवं पुरुषोत्तम चौकसे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई।






समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार प्रदान कर शिक्षा जगत में अमूल्य योगदान दिया है। उनका समर्पण और कार्यशैली नई पीढ़ी के शिक्षकों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बीआरसी छपारा रविशंकर ठाकुर, बीएसी छपारा घनश्याम सनोडिया, बीएसी राकेश तिवारी, जनशिक्षक चमारी महेंद्र मर्सकोले, समन्वयक चमारी हिरूप सिंह ठाकुर,जनशिक्षा केंद्र चमारी के प्रभारी प्राचार्य मनोज साहू, केकड़ा प्राचार्य आर.के. श्रीवास्तव, जनशिक्षक केकड़ा रविन्द्र सिंह ठाकुर, शिक्षक संजय राव भोसले, तरुण साहू, संतोष, पुरोहित, सेवानिवृत शिक्षक बलवंत ठाकुर,शिक्षक चेतराम कुशवाहा, शिक्षक अरुण कुशवाहा, शिक्षिका श्रीमती करुणा मर्सकोले सहित जनशिक्षा केंद्र चमारी के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वस्थ, सुखमय जीवन की कामना की।

### मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नियमित जनसुनवाई का आयोजन

**सिवनी।** विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से नियमित जनसुनवाई आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तत्काल पंजीयन, समयबद्ध निराकरण तथा आवश्यकतानुसार अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई प्रत्येक माह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। इसके तहत वितरण केंद्र स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार, संभागीय कार्यालय स्तर पर द्वितीय मंगलवार तथा वृत्त कार्यालय स्तर पर तृतीय मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित होगी। यदि निर्धारित मंगलवार को शासकीय अवकाश रहेगा, तो जनसुनवाई अगले कार्यदिवस में आयोजित की जाएगी।


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट

**// भूखण्ड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमनगर कॉलोनी मंगलीपेठ, जिला सिवनी स्थित में भूखण्ड क्रमांक एम.आई.जी. प्रथम 221, श्री विकांत यादव पिता स्व. राज कुमार यादव को इस कार्यालय के आवंटन आदेश क्र. 987 दि. 30/05/2013 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08/10/2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री विकांत यादव ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04/07/2026 स्व के माध्यम से श्री अभिनय सक्सेना पिता श्री अनिल सक्सेना को विक्रय किया है। अत: श्री अभिनय सक्सेना द्वारा उक्त भूखण्ड उनके लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट**